पाठ 22

# किताबें

*किताबें हमारी सबसे गहरी मित्र हैं। किताबों से ही ज्ञान का प्रसार होता है। किताबें बिना किसी भेदभाव के सभी तक ज्ञान पहुँचाती हैं। किताबों से ही हमें पुरानी बातों की जानकारी मलती है। किसी देश के उत्थान–पतन की जानकारी भी किताबों से ही मिलती है। किताबों ने बहुत–से लोगों का जीवन बदल डाला है। हमें ऐसी किताबें पढ़नी चाहिए जो हमें प्रगति–पथ पर बढ़ने में प्रोत्साहित करें। प्रस्तुत कविता में किताबों के इन्हीं गुणों का उल्लेख किया गया है।*

किताबें करती हैं बातें
बीते जमानों की,
दुनिया की, इंसानों की,
आज की, कल की,
एक–एक पल की,
खुशियों की, गमों की,
फूलों की, बमों की
प्यार की, भार की
जीत की, हार की
क्या तुम नहीं सुनोगे
इन किताबों की बातें ?





किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हैं
किताबों में चिड़ियाँ चहचहाती हैं
किताबों में खेतियाँ लहलहाती हैं
किताबों में झरने गुनगुनाते हैं
किताबों में परियों के किस्से सुनाते हैं

किताबों में रॉकेट का राज़ है
किताबों में साइंस की आवाज़ है
किताबों का कितना बड़ा संसार है
किताबों में ज्ञान का भंडार है

क्या तुम इस संसार में
नहीं जाना चाहोगे ?
किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हैं।

## शब्दार्थ

इंसान – मनुष्य साइंस – विज्ञान

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1 किताबें पढ़ने से क्या लाभ है ?
प्रश्न 2 तुम्हारी लायब्रेरी में कौन–कौन सी किताबें हैं सूची बनाओ ?
प्रश्न 3 'किताबें तुम्हारे पास रहना चाहती हैं' कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?
प्रश्न 4 किताबें प्रकृति के किन रहस्यों को खोलती हैं ?
प्रश्न 5 कवि ने किताबों के संसार को बड़ा क्यों बताया है ?
प्रश्न 6 तुम किताबों के संसार में जाना चाहोगे या नहीं? कारण बताते हुए इस प्रश्न का उत्तर लिखो।
प्रश्न 7 नीचे लिखी पंक्तियों को पूरा करो–
क. किताबों में चिड़ियाँ ............................।
ख. किताबों में ज्ञान की ..........................।
ग. किताबें कुछ ....................................।
घ. किताबों में साइंस ...........................।
प्रश्न 8 तुमने कुछ किताबें अवश्य पढ़ी होंगी। उनमें से तुम्हें सबसे अच्छी किताब कौन–सी लगी ? उस किताब की कुछ अच्छी बातें लिखो।
प्रश्न 9 तुम्हें अपनी कक्षा की कौन–सी किताब सबसे कठिन लगती है और क्यों ?
प्रश्न 10 तुम अपनी किताबों में कैसी बातें पढ़ना पसंद करोगे ? क्या वे बातें तुम्हारी किताबों में हैं ? उदाहरण देकर लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

प्रश्न 1 इन शब्दों की जोड़ियाँ बनाओ–

| | |
|---|---|
| चिड़ियाँ | लहलहाते हैं |
| खेत | सुनाते हैं |
| झरने | चहचहाती हैं |
| किस्से | गुनगुनाते हैं |

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों में सही शब्द सोचकर लिखो।

जैसे किताबों के पन्ने. फूलों की ..................................

पेड़ों के .............................. सागर की ..................................

आकाश के .............................. हिमालय की ..................................

वर्षा की .............................. चिड़ियों की ..................................

प्रश्न 3 निम्नलिखित विदेशी शब्दों की हिन्दी शब्दों के साथ सही जोड़ियाँ मिलाओ–

| | |
|---|---|
| किताबें | रहस्य |
| ज़माना | प्रसन्नता |
| राज़ | दुख |
| खुशी | पुस्तकें |
| ग़म | कथा |
| किस्सा | युग |

प्रश्न 4 निम्नलिखित समान उच्चारणवाले शब्दों को पढ़ो और वैसे ही दो–दो शब्द लिखो–

मार, हार, ...................., .................... जीत, मीत, .................., .......................

कल, पल, ...................., .................... झरना, भरना, .................., .....................

प्रश्न 5 'हार' शब्द के अक्षरों को अगर हम उलटकर रखें तो 'रहा' शब्द बनता है, जो सार्थक शब्द है। ऐसे चार शब्द (दो–दो अक्षरवाले) सोचकर लिखो जिनके अक्षर अगर उलटकर रखे जाएँ तो वे सार्थक शब्द बनेंगे।

## रचना

- अपनी पसंद की पुस्तक के बारे में आठ वाक्य लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- पुस्तकालय से कहानी, कविता की पुस्तकें लेकर पढ़ो।
- कोई एक कहानी पढ़कर कक्षा में सुनाओ।
- किसी समाचार पत्र या पत्रिका में छपी कहानी को पढ़कर कक्षा में सुनाओ।

4YA3H2